पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

हरकोर्ट बटलर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 समशेर को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार

———————

लखनऊः 08 नवम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने हरकोर्ट बटलर विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो0 समशेर को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

आज जारी एक आदेश में प्रो0 समशेर को नियमित कुलपति की नियुक्त होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, अपने वर्तमान दायित्वों के साथ—साथ बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के कुलपति पद के दायित्व का निर्वहन करने हेतु नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के वर्तमान कुलपति प्रो0 जे0वी0 वैशम्पायन का कार्यकाल 08 नवम्बर, 2021 को समाप्त हो रहा है।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (80/05)
सम्पर्क सूत्र
9453005360